डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

नि:शुल्क

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-22, अंक-05 , रायपुर से प्रकाशित

10 जुलाई 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 24

## श्रमिकों के बच्चों का भविष्य संवारेगी साय सरकार

छत्तीसगढ़ की साय सरकार के सुशासन में प्रदेश के श्रमवीरों के बच्चों का भविष्य संवर रहा है। राजधानी स्थित मुख्यमंत्री आवास में जनदर्शन की शुरुआत, प्रदेश के श्रमिकों के मेधावी बच्चों के सम्मान के साथ हुआ। जहां मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता' योजना के तहत श्रमिक परिवार के दसवीं और बारहवीं के 13 मेधावी बच्चों को दो -दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस राशि का उपयोग इन बच्चों के सुनहरे भविष्य और आगे की पढ़ाई के लिए हो सकेगा। श्रमवीरों और उनके मेधावी बच्चों को साय सरकार पूरा सम्मान दे रही है।




- 10वीं : सीजी बोर्ड 75.61% पास
- 12 वीं : सीजी बोर्ड 80.74 % पास
- 10वीं : 34.7% फर्स्ट डिवीजन
- 12वीं : 34 % फर्स्ट डिवीजन

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ भवन और सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए यह योजना संचालित की जाती है। मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के उज्जवल भविष्य और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इस योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना के तहत अच्छी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए मंडल द्वारा शिक्षा सहायता दी जाती है। योजना का लाभ प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को मिलता है। योजना के प्रमुख प्रावधान के अनुसार इसका लाभ शैक्षणिक वर्ष में सिर्फ एक बार ही दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों को सौंपी घर की चाबी

आदिवासी समाज से आने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार के लिए जनजातीय वर्ग का उत्थान पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने बगिया प्रवास के दौरान अपने निवास में आयोजित कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के तीन लाभार्थियों को नवनिर्मित घर की चाबी सौंपी। इस दौरान तीनों लाभार्थियों ने बांस से बनी टोकरी में आम, फल्ली और केला भेंटकर मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर लोगों को लाभ मिल रहा है। जशपुर जनपद बगीचा के ग्राम पंचायत सुलेसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत 2016-23 तक कुल 90 आवास स्वीकृत किये गये थे। जिसमें 82 आवास बनाकर पूर्ण हो गए हैं। वर्ष 2023-24 में पी.एम. जनमन आवास योजना के तहत कुल 07 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया, जिसमें 03 आवास अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाकर पूर्ण कर दिया गया है। प्रधानमंत्री जनजाती आदिवासी न्याय महा योजना 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर शुरू की गई थी. योजना के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये का बजट का प्रावधान किया है।

## विष्णु के 'जन' दर्शन में हो रहा समस्या का तत्काल निराकरण

**मुख्यमंत्री जनदर्शन : 02**

4 जुलाई को हुए दूसरे जनदर्शन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भर से आए सैकड़ों लोगों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। जनदर्शन के दौरान कोई भी मुख्यमंत्री निवास से ख़ाली हाथ नहीं लौटा। मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री विष्णु देव साय लोगों की नब्ज टटोलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटे हैं। दूसरे जनदर्शन कार्यक्रम में 1700 लोगों ने आवेदन दिया। सुबह बारिश के बाद भी पिछली बार से ज्यादा लोग इस बार पहुंचे थे। इस बार ज्यादातर आवेदन आर्थिक सहायता, चिकित्सा सहायता, पंचायत, नगरीय प्रशासन तथा राजस्व विभाग से संबंधित थे। 27 जून को हुए पहले जनदर्शन में 1500 से अधिक आवेदन मिले थे, जिनमें से अधिकांश का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा चुका है। शेष आवेदन निराकरण प्रक्रिया में हैं। कई लोगों ने पिछले जनदर्शन से मिले त्वरित समाधान पर अपने प्रिय मुख्यमंत्री को हदय से आभार व्यक्त किया।

**एक घंटे के भीतर मिला दिव्या को चेक**

दोहत राम विश्वकर्मा को सीएम ने बड़ी राहत दी। उनकी दस साल की नातिन दिव्या विश्वकर्मा दिव्यांग है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन से हाथ ठीक हो जाने की बात कही। सीएम ने तत्काल आर्थिक सहायता के निर्देश दिये और एक घंटे के भीतर मुख्यमंत्री ने स्वयं बच्ची को डेढ़ लाख रुपए का चेक सौपा।

**अनुकंपा नियुक्ति पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

धरसींवा ब्लॉक से आए सुशील कुमार बंजारे ने सीएम से अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 2022 में शिक्षक दिवस के ही दिन उनके शिक्षक पिता की खारुन नदी में डूबते बच्चे को बचाने के दौरान मौत हो गई थी। सीएम ने संवेदनशीलता से उनकी बातें सुनी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**कमार परिवार की बेदखली की शिकायत पर एक्शन**

बागबाहरा वन क्षेत्र में रहने वाले कमार जनजाति के अलखराम ने बताया कि 20 कमार परिवारों को वहां से बेदखल करने का नोटिस जारी किया गया है। उन्हें आज तक वन अधिकार पट्टा नहीं दिया गया है। सीएम ने इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सीएम से मिली साइकिल तो छात्राओं ने घंटी बजाकर जताया उत्साह

जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर छात्र छात्राओं के लिए खुशियों भरा दिन रहा। जहां एक ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुखिया और जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में शामिल हुए। वही दूसरी तरफ शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों के अभिनंदन के साथ उन्हें उपहार देने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने 9 वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की और मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता और बगिया सहित प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कहते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**9 वीं की छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल वितरण**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राओं को मुफ्त साइकिल प्रदान की जाती हैं। इस योजना के तहत शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है।

### अंदर के पेज में


- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ पेज : 3
- नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं पेज : 9
- छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर पेज : 12
- डायरेक्टर स्पोर्ट्स एंड यूथ वेलफेयर डिपार्मेंट रायपुर पेज : 12
- चर्चा में (पेज:19) विश्व जनसंख्या दिवस
- विशेष (पेज:20) महाप्रभु की रथयात्रा


## स्कूल में बच्चे और शिक्षक 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' लगाएंगे

सीएम विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में लगाया दहीमन का पौधा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुआई वाली सरकार पर्यावरण अनुकूल विकास की पक्षधर है। सीएम श्री साय ने 4 जुलाई को एक पेड़ माँ के नाम अभियान की प्रदेश में विधिवत शुरुआत की। उन्होंने दहीमन का पौधा लगाया। श्री साय ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि मन की बात कार्यक्रम में पीएम ने एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू करने की अपील की थी।

**एक साथ रोपेंगे 70 लाख पौधे**

11 जुलाई को वन महोत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन होगा, जिसके तहत 70 लाख पौधे रोपे जाएंगे। पौधा रोपण कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पौधा रोपण क्षेत्र के संरक्षण के लिए इसे जनप्रतिनिधियों द्वारा गोद भी लिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत लोग अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुरूप देवी देवताओं के नाम पर भी पौधे रोप सकेंगे।



**राज्य में इतने लगेंगे पौधे**

3 करोड़ 95 लाख 85 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें से 2 करोड़ 62 लाख 35 हजार पौधों का रोपण किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत हो रहा है। राज्य में अब तक सवा करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। जुलाई के अंत तक शत-प्रतिशत पौधों का रोपण करने का लक्ष्य है।

## रोजगार सूचना

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी**
पदः लाइब्रेरियन, कार्यशाला अधीक्षक,
पद संख्याः 03
अंतिम तिथिः 15 जुलाई 2024
वेबसाइट https://www.iitg.

**यूपीएसएसएससी**
पदः जूनियर इंजीनियर
पद संख्याः 4612
अंतिम तिथिः 13 जुलाई 2024
https://upsssc.gov.in/

**यूपीएसएसएससी**
पद : होम्योपैथिक फार्मासिस्ट
पद संख्या : 397
अंतिम तिथिः 19 जुलाई 2024
https://upsssc.gov.in/

**बीएसपीएचसीएल**
पद : टेक्नीशियन व अन्य
पद संख्या : 2610
अंतिम तिथि : 19 जुलाई 2024
www.bsphcl.co.in

**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड**
पदः जूनियर मैनेजर
पद संख्याः कुल 56
अंतिम तिथिः 21 जुलाई, 2024
www.hindustancopper.com/

**डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर,**
पदः असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्याः कुल 88 पद
अंतिम तिथिः 15 जुलाई, 2024
https://dhsgsu.edu.in/

**एनआईए**
पदः सब इंस्पेक्टर व अन्य
पद संख्याः 111
अंतिम तिथिः 15 अगस्त 2024
www.nia.gov.in

## पिक ऑफ द वीक




सीएम की पाठशाला : मुख्यमंत्री बने शिक्षक और बच्चों को बताया आदर्श विद्यार्थी बनने के पांच गुण...

# सामाजिक सद्भाव का प्रकल्प खल्लारी का जगन्नाथ मंदिर

अरविंद मिश्रा

छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। यहां के धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर सामाजिक सद्भाव के प्रकल्प हैं। महासमुंद जिले के बागबहरा विकासखंड अंतर्गत स्थित नारायण (जगन्नाथ) मंदिर सामुदायिक एकजुटता की अनुपम देन है। खल्लारी से प्राप्त प्रस्तर अभिलेख से पता चलता है कि इस नारायण मंदिर को देवपाल मोची ने 13वीं सदी में बनवाया था। देवपाल का यह प्रयास सनातन, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकार की त्रिवेणी है।

उत्कीर्ण लेख नामक पुस्तक में शिलालेख का विस्तृत वर्णन मिलता है जिसमें कहा गया है कि "इसका मुख्य विषय खल्वाटिका में जसौ के नाती, शिवदास के बेटे, मोची देवपाल द्वारा नारायण मंदिर बनाए जाने की सूचना देता है।" शिलालेख में देवपाल को धर्मार्थ कार्यों का अभिलाषी तथा भगवान नारायण का भक्त बताया गया है। शिलालेख में देवपाल मोची के इस कार्य का सुंदर काव्यात्मक शैली में प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि "गंगा जब तक संसार में यमुना के साथ बहती है, आकाश में (जब तक) तारामंडल का स्वामी सूर्य चमकता है, तब तक (इस) देवमंदिर के बहाने मोची देवपाल की यह कीर्ति जीवित रहे। श्रीवास्तव्य वंश के श्रेष्ठ पंडित रामदास ने यह प्रशस्ति स्वच्छ अक्षरों में लिखी है।'' अभिलेख में इस स्थान का नाम खल्लारिका के रूप में हुआ है। यह मंदिर पूर्वाभिमुख है। इसमें तीन अंग गर्भ, अंतराल गृह और मंडप है। मंडप 16 स्तम्भों पर आधारित है। यह स्मारक नागरशैली में निर्मित है। रायपुर कलचुरि कालीन यह मंदिर वास्तुकला का आदर्श उदाहरण है। यह जिस पहाड़ी पर विद्यमान है वहां खल्लारी माता मंदिर भी स्थित है। इसे राज्य संरक्षित स्मारक का दर्जा दिया जा चुका है।



वर्तमान में जगन्नाथ मंदिर श्री खल्लारी मातेश्वरी जगन्नाथ स्वामी ट्रस्ट के अधीन है। जो लोग खल्लारी माता दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वह जगन्नाथ मंदिर का भी दर्शन करते हैं।

### इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ

इतिहास के पन्नों में खल्लारी का उल्लेख 15 वीं सदी से ज्ञात होता है। उस समय रतनपुर राज्य दो भागों रतनपुर और रायपुर में विभक्त था। एक की राजधानी रतनपुर और दूसरे की राजधानी रायपुर स्थापित की गई थी। दोनों राज्यों में 18-18 गढ़ थे। पहले खल्लारी भी रायपुर राज्य का एक गढ़ था। प्रायः शिवनाथ और महानदी दोनों की सीमा तय करती थी। खल्लारी के अंतर्गत 84 ग्राम शासित होते थे।

रायपुर के शासक ब्रह्मदेव का शिलालेख विक्रम संवत 1471 (19 जनवरी सन् 1415) खल्लारी में प्राप्त हुआ है। इस शिलालेख से पता चलता है कि है हयवंश की कलचुरि नामक शाखा में राजा सिंघण के बेटे रामचंद्र ने नागवंश के भोडिंगदेव को युद्ध में घायल किया था। रामचंद्र का पुत्र ब्रह्मदेव था जो शिव जी का भक्त था। इस शिलालेख के सांतवें और आठवें श्लोक में खल्लवाटिका नगरी के वर्णन में लिया गया है। नौवें श्लोक में मोची देवपाल की वंशावली एवं दसवें श्लोक में उनके द्वारा नारायण का मंदिर निर्मित कराये जाने का उल्लेख मिलता है। प्रसिद्ध इतिहासकार श्री रमेंद्रनाथ मिश्र कहते हैं कि सामाजिक सद्भाव का ऐसा अनूठा उदाहरण कहीं और नहीं मिलता। छत्तीसगढ़ की यह धरोहर इस बात का प्रमाण है कि राज्य में सैकड़ों साल से लोग जाति, पंथ, भाषा और रंग से ऊपर उठकर सुखी व समृद्ध जीवन जीते रहे हैं।

## इग्नू के नए सत्र में प्रवेश हेतु नामांकन 15 जुलाई तक

इग्नू के नए सत्र में प्रवेश हेतु नामांकन 15 जुलाई तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश नामांकन एवं पुनः पंजीकरण (रि-रजिस्ट्रेशन) की तिथि पुनः 30 जून 2024 से बढ़ाकर 15 जुलाई 2024 तक कर दी गई है। आवेदक अध्ययन केन्द्रों में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाईन लिंक https://ignouadmission.samarth.edu.in/ तथा रि-रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन लिंक https://onlinerr.ignou.ac.in/ पर किया जा सकता है।

## सिविल सेवा कोचिंग के लिए चयन परीक्षा अब 14 जुलाई को

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की कोचिंग के लिए चयन परीक्षा पूर्व में 30 जून को होना था, जो 14 जुलाई को होगी। प्रदेश के संभागीय मुख्यालय स्तर पर 30 जून 2024 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित किया गया था। उक्त दिवस पर प्री.बीएड. एवं प्री. डीएलएड की परीक्षा होने के कारण चयन-परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करते हुए 14 जुलाई (रविवार) को निर्धारित किया गया है।

## एनएचएआई : विभिन्न पदों पर भर्ती

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले अभ्यर्थी एक बार पात्रता एवं मापदंड की जानकारी अवश्य जांच लें। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पदानुसार संबंधित क्षेत्र में सिविल इंजीनियरिंग/ग्रेजुएशन किया हो और साथ ही अभ्यर्थी को निर्धारित कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। पात्रता की पदानुसार विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। अभ्यर्थी को एनएचएआइ की ऑफिशियल वेबसाइट nhai.gov.in पर जाना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग हैं।

## ऑडिटर, अकाउंटेंट समेत 17727 पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू

एसएससी की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल के 17727 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। 24 जुलाई तक फार्म भरे जा सकते हैं। एसएससी सीजीएल की परीक्षा से सहायक ऑडिटर अधिकारी, सहायक अकाउंटेंट, - निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक सेक्शन अधिकारी जैसे विभिन्न ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के पदों पर भर्ती होगी। जानकारी के मुताबिक परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में होगी। सीजीएल एग्जाम में आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। सहायक ऑडिटर या अकाउंटेंट अधिकारी के लिए आवेदन करने वालों के पास सीए, सीएस, एमबीए, कॉस्ट मैनेजमेंट या अन्य डिग्री होना जरूरी है। जूनियर स्टेटिस्टिकल ऑफिसर पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री और 12वीं में गणित में न्यूनतम 60 प्रतिशत होना आवश्यक है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov. in पद पर जाकर अधिसूचना देख सकते हैं।

## एसएससी-मल्टी टास्किंग स्टाफ के 8000 से अधिक पदों पर भर्ती

स्टाफ सलेक्शन कमिशन (एसएससी) की ओर से मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के 8326 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। मल्टी टास्किंग नॉन टेक्निकल स्टाफ के 4887 और हवलदार के 3439 पद हैं। इस परीक्षा का पेपर-1 कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड और पेपर-2 ऑफलाइन मोड में होगा। हवलदार के लिए 27 तक की उम्र के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा हिंदी, इंग्लिश समेत 13 भाषाओं में होगी। आवेदन शुल्क 100 रुपये है। महिला, एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी और पूर्व सैनिकों को फीस से छूट दी गई है।

प्रदेश के रायपुर, भिलाई, दुर्ग और बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर अधिसूचना देख सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31जुलाई 2024 है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के लिए आवेदन

एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 12 जुलाई 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01 (जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई) में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र सुन्दर नगर-1 नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड क्रमांक 26 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद की भर्ती की जानी है।


**रोजगार और नियोजन**

प्रधान संपादक : मयंक श्रीवास्तव
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय सलाहकार : अरविन्द मिश्रा
सह संपादक : मोहन मिश्रा, संदीप सिन्हा
लेआउट डिजाइन : धनेश दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजूरानी, राकेश साहू
वितरण : विक्रांत ताम्रकार

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।


रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

क्र0 / एम.एन.एच. / एच.आर. / विज्ञा. / 2024–25 / 10051 — रायगढ़ दिनांक 02 / 07 / 2024

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिले में स्वीकृत आर.ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति–2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ अन्तर्गत निम्नांकित **विभिन्न संविदा पदों** में भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भगवानपुर, जिंदल रोड, रायगढ़, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) के पते पर** स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से **दिनांक 16.07.2024** तक कार्यालयीन समय में सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :–

**आवेदन पत्र प्राप्ति का प्रकार– निर्धारित प्रारूप में संलग्नकों के साथ केवल / स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।**

**संविदा नियुक्ति हेतु रिक्तियों का विवरण:–**

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | OBC | SC | ST | Essential Educational Qualification | |
| 1 | 2ND ANM(NHM) | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 12th Passed, ANM Passed & INC affilited Training center & live Registration in Chhattisgarh Nursing Ragistration Council | 12000/- |
| 2 | Nursing Officer (NHM) | 10 | 3 | 4 | 1 | 2 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/- |
| 3 | OT Technician (LaQsya FRUs) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1. जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विषय में 10+2 उत्तीर्ण। 2. ओ.टी. टेक्नीशियन पैरामेडिकल कोर्स एवं छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। | 14000/- |
| 4 | MO - AYUSH (Male) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board | 25000/- |
| 5 | MO - AYUSH (Female) | 4 | 1 | 0 | 0 | 3 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board | 25000/- |
| 6 | ANM (RBSK) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Ragistration Council | 12000/- |
| 7 | Technical Assistant - Optemetrist (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Optometry form a Recognized Institution However. Candidates Having Masters/Bachelor Degree in Optometry will be given preference. | 15000/- |
| 8 | Laboratory Technician (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council. | 14000/- |
| 9 | Dental Assistant (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Dental Technology from a recognized intitution(Reference will be given to candidates having at least 2 years post Qalification experience in related field) | 14000/- |
| 10 | Staff Nurse – (NRC) | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 11 | Feeding Demonstrator (NRC) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BSC Home Science | 12000/- |
| 12 | Staff Nurse – (SNCU) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 13 | Counselor – (NHM) | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | PG Degree/Diploma in Psychology/Counselling/health/education/Mass Communication/ Social Science | 12000/- |

क्रमशः

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Psychologist – Clinical (NMHP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1– एम.फिल क्लिनिकल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. साईकोलॉजी/एमएससी रिहैबिलिटेशन साईकोलॉजी/एमए साईकोलॉजी, रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है एवं 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव<br>2– अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्यूनिटी मेंटल हेल्थ (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी। | 31500/- |
| 15 | Secretarial Assistant - NMHP1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 13650/- |
| 16 | ANM (NUHM) | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 12th passed, ANM passed with INC affilited Training centre & Live Registration in Chhattisgarh Nurse Registration Council | 12000/- |
| 17 | Nursing Officer (NUHM) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/- |
| 18 | Pharmacists (NUHM) | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in Pharmacy Registration Council | 16500/- |
| 19 | Opthalmic Assistant(NUHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 Year Diploma Course in Optometry/01 Year Govt Hospital NPCB Training in Opthelmic Assistant | 12000/- |
| 20 | Secretarial Assistant – (SNCU) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | B.com (Minimum 55%)+ 1 Year Diploma (PGDCA) | 12000/- |
| 21 | Block Manager – Account (NHM) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | B.com (Minimum 55%)+ 1 Year Diploma (PGDCA) Knowlegded Tally | 21000/- |
| 22 | Secretarial Assistant – (IDSP) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | Graduate with at least 1 Year Diploma In Computer Applications | 13650/- |
| 23 | Jr. Secretarial Assistant – (NHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 th Passed with At least 1 Year Diploma in Computer Application | 12000/- |
| 24 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 6 | 2 | 1 | 1 | 2 | 12th Passed with At least 1 year Diploma in Computer Aplications | 12000/- |
| 25 | Staff Nurse – UHWC( 15th Finance) | 12 | 5 | 2 | 1 | 4 | 01. B.Sc Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing<br>02. General Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration<br>(Final Merit list prepared on the basis of order of priority like 1 & 2 ) | 16500/- |
| 26 | MPW Male – UHWC ( 15th Finance) | 13 | 6 | 2 | 1 | 4 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology Subject.<br>One Year Diploma in Multipurpose worker Training or Equivalent Training from Training center recognized by the state government with registered in chhattisgarh Paramedical Council. | 14000/- |
| 27 | Jr.Secretarial Assistant – UHWC ( 15th Finance) | 13 | 5 (F-1) | 2 | 1 | 5 (F-1) | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma | 12000/- |
| 28 | Class IV – UHWC ( 15th Finance) | 12 | 5 (F-1) | 2 | 1 | 4 (F-1) | 10th Passed | 10000/- |
| 29 | Physiotherapist | 7 | 3 | 0 | 1 | 3 | Bechelor's Degree in Physiotherapy (BPT) | 18000/- |
| 30 | Staff Nurse – (NBSU) | 18 | 6 | 2 | 2 | 8 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 31 | Community Health Officer | 88 | 31 (F-9) (F-OL-1) | 0 | 18 (F-5) | 39 (F-11) (M-OL-1) | B.Sc. Nursing/Post Basic Nursing Certificate in Community Health Integrated Course Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/ |
| | Total | 211 | 79 | 19 | 28 | 85 | | |

क्रमशः

**जिला स्तरीय चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम–शर्तें एवं दिशा–निर्देश**

**1. आवेदन पत्र/विज्ञापन के संबंध में :–**

1.1 यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी (सी) क्रमांक 19668/2022 कि अंतिम आदेश के अधीन होगी।

1.2 नियमानुसार जिला आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा।

1.3 अभ्यर्थी का संबंधित कौंसिल में विज्ञापन जारी तिथि से पूर्व का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

1.4 विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें व दिशा–निर्देश एवं चयनित उम्मीदवारों की सूची, तथा भर्ती संबंधी अन्य समस्त जानकारियां समय–समय में कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा एवं जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in में देखी व डाउनलोड की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी।

1.6 आवेदन पत्र स्वप्रमाणित अनिवार्य समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक दिनांक 16–07–2024 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भगवानपुर जिंदल रोड़, रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) के पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र प्रेषित/जमा कर सकते है, इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

1.6 आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि में कार्यालयीन समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.7 अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.8 अपूर्ण (Incomplete) एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है, तो उसकी पूरी जिम्मेवारी आवेदक की होगी, आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण होने पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र, चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। विज्ञापन जारी करने के उपरांत निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त ना होने पर डाक विलंब के लिये विभाग की कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

1.9 उपरोक्त पदों पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से निर्धारित शैक्षणिक योग्यता (समस्त सेमेस्टर/समस्त वर्षों की अंक सूची) एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.50 अभ्यर्थी को आनेटन पत्र के साथ नियोक्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश की छायाप्रति एवं अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा प्रमाण–पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

1.11 विज्ञापित रिक्त पद हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, पद क्रमांक, संवर्ग (अनारक्षित, अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व.) स्पष्ट लिखा हुआ होना चाहिए, लिफाफे के ऊपर पद का नाम, पद क्रमांक, संवर्ग उल्लेखित नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन को मान्य/अमान्य करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

1.12 आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.13 एक से अधिक पदों के लिये आवेदन देने की स्थिति में प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन पत्र व पृथक–पृथक आवेदन शुल्क प्रस्तुत करना होगा।

**2. आवेदन शुल्क का विवरणः–**

| क्र. | वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 से कम आय के पदों के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 20000 से अधिक आय के पदों के लिये | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्यांग/अ.जा./अ.ज.जा. | 100 रू. | 200 रू. | आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **DISTRICT HEALTH SOCIETY RAIGARH NON NRHM Fund** के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू. | 300 रू. | |
| 3 | अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. | |

2.1 प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा DISTRICT HEALTH SOCIETY RAIGARH-NON NRHM Fund के नाम से देय होगा डीडी (Demand Draft) की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, डिमांड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन शुल्क देय मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र में डी.डी क्रमांक एवं दिनांक का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा, बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा, 01 से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर, प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन शुल्क डी.डी. (Demand Draft) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो Non-Refundable (वापसी देय योग्य नहीं) होगा।

**3. आरक्षणः–**

3.1 विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे, अन्यथा ऐसे अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न ना होने की स्थिति में संबंधित प्रवर्ग के सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।

32 संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जावेगा, छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय–समय पर जारी हुए हैं, लागू होंगे।

3.3 संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति–2018 एवं मानव संसाधन नीति–2018 वो यथासंभव संशोधित नियमों के सभी शर्तों व नियम के अनुसार लागू होंगे।

34 आवेदन पत्र के साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (सामाजिक प्रास्थितिक प्रमाण पत्र) प्रस्तुत करना होगा, इस विषय पर छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी।

3.5 दिव्यांग आवेदकों को छत्तीसगढ सामान्य प्रशासन, विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिये पात्र होंगे, जो कम से कम 40 प्रतिशत् संगत दिव्यांगता से ग्रसित हो। जो अभ्यर्थी आरक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.6 आवेदन पत्र के साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र (सामाजिक प्रास्थितिक प्रमाण पत्र) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.7 विज्ञापन के सरल कमांक 27, 28 एवं 31 हेतु आरक्षित पदों में F–महिला, M–पुरुष, OL–वन लेग (दिव्यांग), पढ़ा जावे।

**4. आयु सीमा :–**

4.1 संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी आयु की गणना विज्ञापन वर्ष के दिनांक 01 जनवरी 2024 से की जावेगी।

**5. शैक्षणिक योग्यताः–**

5.1 Community Health Officer (CHO) के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन पर अंकित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी (पीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग के अंतिम वर्ष की अंकसूची में अंकित एग्रीगेट अंक को आवेदन में भरा जावे) इसी मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

5.2 Community Health Officer (CHO) के पद पर ऐसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी एस. सी नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हें विज्ञापन में संलग्न

**क्रमशः**

Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

5,3 Conamunity Health Officer (CHO) पद हेतु संबंधित नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य हैं, छ.ग. नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन नहीं होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा।

5.4 आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जो ग्रेडिंग सिस्टम से उत्तीर्ण हुए हैं, वे संबंधित स्कूल/विभाग के प्राचार्य/प्रधान पाठक/उच्चाधिकारियों के हस्ताक्षर एवं सील मुद्रा के साथ पूर्णांक व प्राप्तांक की जानकारी आवेदन में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5.5 संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र क्रमांक/एनएचएम/एचआर/2022/एसएन/1637/3703 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.02.2022 के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंकों का 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 40 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा।

5.6 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

5.7 संविदा मानदेय संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता (सुविधा) देय नहीं होगा।

5.8 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी जानकारियां समय-समय पर जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जायेगी, अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दिया जायेगा।

5.9 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

6.0 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या | लिखित परीक्षा/साक्षात्कार लिये जाने हेतु वरीयता के आधार पर अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 3 | 51 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयताक्रम निर्धारित किया जावेगा। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरीयता प्रदान किया जावेगा।

**7. संविदा अवधि/वेतन निर्धारणः-**

7.1 यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2025 तक के लिए की जावेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है तथा भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

7.2 संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

7.3 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी/कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

7.4 संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का सेवा वृद्धि हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में "वार्षिक कार्य मूल्यांकन के आधार पर नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा। कार्य संतोषजनक न होने तथा कार्य मूल्यांकन हेतु निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त न करने की दशा। नियमानुसार 03 माह का नोटिस व सेवा समाप्ति नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा।

**8. अनुभव संबंधी नियम/शर्तें :-**

8.1 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्था के ही मान्य होंगे, आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जावेगा, जब अनुभव प्रभाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हो।

**8.2 संबंधित पद के कार्य अनुभव हेतु (अन्य अभ्यर्थियों को) प्रति वर्ष के मान से 02 अंक अधिकतम 5 वर्ष हेतु (कुल 10 अंक) तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अतंर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रति वर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 05 वर्ष हेतु (कुल 15 अंक) दिया जायेगा।**

**अ.) अनुभव 15 अंक**-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों को 03 अंक प्रतिवर्ष के आधार पर अधिकतम 15 अंक देय होगा।

**ब.) अनुभव 10 अंक**-अन्य शासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को 02 अंक प्रतिवर्ष के आधार पर अधिकतम 10 अंक देय होगा।

**स.)**अवर सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का आदेश पत्र क्रमांक एफ 1-67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 07 दिसंबर 2021 के तहत् कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 6 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को संबंधित पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा। उक्त संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रगाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।

**नोटः**-मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का विज्ञापन क्रमांक/NHM/HR/2022/NS-29/107 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 11.04.2022 के संदर्भ अनुसार अभ्यर्थी द्वारा यदि अ, ब, स तीनों में से दो अथवा तीन अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे दोनों अथवा तीनों में जिसका अनुभव अधिक हो केवल एक का ही लाभ दिया जावेगा।

8.3 ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा में भर्ती हेतु मितानिन के रूप में कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु अधिकतम 20 अंक प्रदान किया जावेगा जिसके लिये राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

8.4 अंतिम चयन सूची के निर्धारण में ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता/कौशल परीक्षा/अनुभव के अंक क्रमशः 60/20/20 के अनुसार गणना की जावेगी।

8.5 ए.एन.एम. पद हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता ए.एन.एम. उत्तीर्ण अंकों के प्रतिशत के आधार पर गणना की जावेगी।

8.6 उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से 01 वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया (जो पहले हो) सम्पन्न होने तक वैध रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पत्र/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी उक्त प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

9.7 कोविड-19 में कार्य किये जाने का बोनस अंक का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दिया जावेगा, जिनके द्वारा कोविड-19 में कार्य करने की नियुक्ति आदेश की प्रति एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया हो।

3.8 अनुभव में अंकों की गणना वर्षों के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

8.9 अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवर राईटिंग/त्रुटिपूर्ण होने अथवा जावक क्रमांक व दिनांक न होने की स्थिति ने अमान्य कर दिया जावेगा।

क्रमशः

8.10 अभ्यर्थी द्वारा संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र आवेदित पद से संबंधित होना अनिवार्य है तथा नियोक्ता द्वारा जारी आदेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, जिसमें आदेश क्रमांक व नियुक्ति दिनांक का स्पष्ट उल्लेख हो।

8.11 पद से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं वित्त पोषित संस्थाओं के अनुभव मान्य होंगे। किसी पद से संबंधित प्रशिक्षण एवं निःशुल्क सेवा कार्य के अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने पर अनुभव प्रमाण–पत्र को मान्य नहीं किया जावेगा।

9. संविदा नियुक्ति–हेतु अंतिम चयन सूची का निर्धारण शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत अंक, अनुभव का 10/15 अंक, लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा का 20 प्रतिशत अंक के आधार पर कुल 100 प्रतिशत अंक की गणना कर चयन समिति द्वारा अंतिम सूची तैयार किया जावेगा।

10. कौशल परीक्षा 20 अंक–पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/साक्षात्कार आदि के रूप से कौशल परीक्षा ली जावेगी।

**11. दस्तावेज सत्यापनः–**

11.1 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये, अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जांच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है, तो उन्हें, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा।

11.2 शैक्षाणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का आवश्यकतानुसार यू.जी. सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्वत्ता प्राप्त होना अनिवार्य हैं। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है (इस हेतु वेबसाइट https://www.ugc.ac.in) का अवलोकन करें।

11.3 लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय एवं चयनित होने के पश्चात् निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना/प्रस्तुत करना अनिवार्य हैः–

- 8वीं की अंकसूची
- 10वीं की अंकसूची।
- 12वीं की अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि/प्रमाण पत्र।
- मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर की डिप्लोमा/डिग्री की अंकसूची।
- अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकी शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री।
- संबंधित कौंसिल/रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति/निवास प्रमाण पत्र (आवश्यकता होने पर उच्चस्तरीय छानबीन समिति द्वारा अभिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा)
- छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र।
- पहचान–पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई. डी. कार्ड/पेन कार्ड/ड्राइविंग लायसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थियों का नाम, पता, फोटो हो)
- यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
- कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र एवं आदेश की प्रति।
- विशेष छूट हेतु प्रमाण–पत्र।
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र (लागू हो तो)
- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद हेतु इंटीग्रेटेड सर्टिफिकेट इन कन्यूनिटी हेल्थ प्रमाण–पत्र।
- अन्य आवश्यक दस्तावेज (यदि लागू हो तो)।

**(उपरोक्त क्रम अनुसार ही अभ्यर्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।)**

**12. अन्य नियम एवं शर्तें :–**

12.1 संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रु. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा, अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जावेगा।

12.2 दावा आपत्ति आवेदन हेतु, दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

12.3 दावा आपत्ति आवेदन हेतु अभ्यर्थियों को एक निश्चित समय दिया जायेगा, आवेदन /सूची में त्रुटियों की स्थिति में जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा उक्त दावा आपत्ति आवेदन का निराकरण कर निर्णय ले सकेगी तथा दावा आपत्ति निराकरण कर एवं पात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी करेगी एवं दावा आपत्ति अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति आवेदन पत्रों को स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा तथा विज्ञापन में जारी आवेदन प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि के पश्चात कोई भी नवीन आवेदन, दस्तावेज स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा।

12.4 विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/ टंकण आदि संबंधित त्रुटि सुधार किया जा सकेगा, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

12,5 नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा। निर्धारित समय व पद स्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

12.6 भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला स्तरीय गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ (छ.ग.) को होगा।

12.7 विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार जिला स्तरीय गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ (छ.ग.) को होगा।

12.8 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

12.9 आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में होना अनिवार्य हैं तथा आवेदन पत्र के साथ एक पासपोर्ट साईज (नवीनतम) फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा एवं फोटो व दस्तावेज स्व–प्रमाणित होना अनिवार्य होगा।

12.10 विस्तृत जानकारी समय–समय पर रायगढ़ जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in में देखी जा सकती है।

12.11 अभ्यर्थी द्वारा मात्र आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर ही, किसी का चयन सुनिश्चित नहीं किया जावेगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की जांच की जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

13. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता /अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

14. भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी **"मानव संसाधन नीति 2018"** एवं मानव संसाधन नीति–2018 के यथासंभव नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय–समय पर जारी अन्य दिशा–निर्देशों/आदेश /नियम यथा संशोधित लागू होंगे।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**क्रमशः**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व. हस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो

प्रति,

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–रायगढ़ (छ.ग.)**

आपका विज्ञापन क्रमांक ..........................विज्ञापन दिनाँक.......................................
में विज्ञापित पद क्रमांक.........................(पद का नाम).............................................
के लिये में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) :.......................................
   आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी कैपिटल अक्षर में) :.......................................
2. पिता/पति का नाम :.......................................
3. माता का नाम :.......................................
4 (अ) जन्म तिथि (अंकों में) :.......................................
   वर्ष.........माह..........दिनांक.........
   (ब) आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में वर्ष.........माह..........दिन............
   (प्रभाण पत्र संलग्न करें)
5. जाति (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व.): :.......................................
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. लिंग (पुरुष/महिला/अन्य) :.......................................
7 छ.ग. का मूल स्थानीय निवासी है या नहीं :.......................................
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. क्या आप विकलांग श्रेणी के हैं :.......................................
   8.1 विकलांगत्ता का प्रतिशत एवं प्रकार :.......................................
   8.2 भूतपूर्व सैनिक हां/नहीं :.......................................
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र रांलग्न करें)
9. स्थायी निवास का पता :.......................................
   :.......................................
   :.......................................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :.......................................
   :.......................................
   मोबाइल नं.......दूरभाष नं...
   ई–मेल आई.डी........

11. आवेदन शुल्क –

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 से कम आय के पदों के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से अधिक आय के पदों के लिये |
|---|---|---|
| दिव्यांग/अ.जा./अ.ज.जा. | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

(आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से **DISTRICT HEALTH SOCIETY RAIGARH & NON NRHM Fund** के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि रायगढ़ में देय होगा, (वापसी देय नहीं) डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नहीं होगा)

12. बैंक ड्राफ्ट का विवरण
   डी.डी. क्रमांक..................................दिनाँक.........................
   बैंक का नाम....................................राशि...........................
13. शैक्षणिक योग्यताः
   वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

शैक्षणिक योग्यता की जानकारी गलत/अधूरा भरा जाने पर आवेदन निरस्त किया जावेगा।

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा का पूर्णाक | उत्तीर्ण परीक्षा प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करें):

| क्र. | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

15. क्या आप विवाहित हैं। (हॉं/नहीं)
16. संलग्न स्वसत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :–
   1. दसवी एवं बारहवीं की अंकसूची
   2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर/वर्षों का)
   3. संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
   4. जाति प्रमाण पत्र स्थायी/सत्यापित
   5 मूल निवास प्रमाण पत्र
   6. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित प्रमाण पत्र
   7. विकलांग प्रमाणपत्र जीवित
   8. बैंक ड्राफ्ट की मूलप्रति
   9. अनुभव/अन्य
   10...................................................

### घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है, जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थानः–........................
दिनाँक–.....................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम..............................
पूर्ण पता.....................
मो. नं.–......................

Appendix-1

(Formate For Certification from Principal for Applying for CHO. NHM CG)

[For Candidates who shall be Passed in Final Examination of B.Sc. (Nursing)/Post Basic B.Sc. (Nursing) along with integrated Certificate course in Community Health (CCH)]

**College Letter Head**

**Certificate**

This is to certify that Mr./Ms./Mrs.---------------------------- University enrollment number---------------Son/Daughter/Wife of-------------is a passed student of B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing course with intgrated curriculum of certificate in Community Health as per notification of University. He/She is due to passed in final examination of the course.

Date:

Authorized Signatory
Signature With Seal

आर.ओ.39/संवाद–40679/3

# नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा SDRF मुख्यालय छत्तीसगढ़

## सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर

**क्रमांक/769/प्रशि०/भर्ती/2024** **रायपुर, दिनांक 01/07/2024**

छत्तीसगढ़ नगर सेना के स्वयंसेवी नगर सैनिकों के रिक्त पदों की पूर्ति छ०ग० शासन, गृह विभाग, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 13–11/दो–गृह/न० से०/09 दिनांक 07.09.2011 के द्वारा "होमगार्ड के स्वयंसेवी सैनिकों की भर्ती एवं पदोन्नति हेतु प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में एवं निम्न संशोधनों के अनुक्रम में (1) छ०ग० शासन, गृह विभाग, मंत्रालय के पत्र कमांक एफ 13–11/रायपुर/दिनांक 24.07.2013 एवं (2) छ०ग० शासन, गृह विभाग, मंत्रालय के पत्र कमांक/3229/रायपुर/ दिनांक 22.12.2017 के तहत् छ0ग0 राज्य के संबंधित जिले के मूल निवासी उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ नगर सेना की वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in पर दिनांक 10.07.2024 से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**01– वर्तमान भर्ती हेतु प्राधिकार :–**

- 500 स्वयं सेवी नगर सैनिकों के रिक्त पदों हेतु छ०ग० शासन, गृह विभाग मंत्रालय नवा रायपुर का पत्र क्रमांक एफ 13–18/दो–गृह/न.से./2023 दिनांक 24.01.2024
- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी समेकित कार्ययोजना के तहत् छात्राओं के आवासीय संस्थाओं में नियुक्ति हेतु 1715 महिला नगर सैनिकों के रिक्त पदों हेतु छ०ग० शासन, गृह विभाग मंत्रालय नवा रायपुर का पत्र क्रमांक एफ 13–08/दो–गृह/न.से./2023 दिनांक 07.03.2024

**02– ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि –10.07.2024**

**03– ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि –10.08.2024**

**04– त्रुटि सुधार हेतु –17.08.2024 तक**

05– **परीक्षा शुल्कः–**

अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग –रू0 **300/–**

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति –रू0 **200/–**

**06–रिक्त पदों का विवरणः**

(i)– 500 स्वयं सेवी नगर सैनिकों के पद, जनरल ड्यूटी हेतु। (इन पदों में महिलाओं के लिए शासन के निर्देशानुसार 30 प्रतिशत हॉरिजोन्टल आरक्षण रहेगा)

b) During the period of engagement with Director, Sports & Youth Welfare , Employee would be subject to the provisions of the Indian Official Secret Act, 1923 and will not divulge any information gathered by him/her during the period of his/her engagement to anyone who is not authorized to know.

c) The Selected personnel at no instance can represent or give opinion or advice to others in any matter, which is adverse to the interest of the Government.

### OTHER CONDITIONS :-

a) The applications received will be scrutinized/shortlisted on the basis of relevant experience and job description and the eligible candidates will be called for Interview at cost to the applicant.

b) Candidates applied for more than one post will be interviewed only once.

c) In case he/she is required to proceed outstation from the place of posting on tour for official duty, he/she will be entitled to TA/DA as admissible under the rules.

d) In case the performance of Candidate is not found satisfactory, his/her services will be discontinued after giving one month notice.

e) Without any prejudice to the above condition, the candidate will be terminated from his services with immediate effect without any obligations, in case the candidate is found guilty of violating any of the conditions contained in the terms of employment or is guilty of any misconduct

f) including negligence of duties, unauthorized absence, etc. Decision of Director, Sports & Youth Welfare in all matters regarding eligibility, selection and posting would be final and binding upon all candidates. No representation or correspondence will be entertained Director, Sports & Youth Welfare in this regard.

g) Director, Sports & Youth Welfare reserves the right to cancel the advertisement and/or the selection process at any stage without assigning any reason.

h) The Director, Sports & Youth Welfare shall be the final authority in case of any dispute.

i) The appointment will be purely on contract basis and does not confer any right to claim to permanent employment in Director, Sports & Youth Welfare

j) Any litigation matters pertaining to employment at Director, Sports & Youth Welfare shall be restricted to the jurisdiction of the Raipur courts.

k) Organization reserves the right to terminate the contract, by giving one month notice to Candidates.

l) Eligible and willing candidates may submit their applications in the prescribed Performa attached at Annexure A along with the Excel Sheet on or before 16-07-2024 till 05.30 PM by registered/speed post to Director, Directorate, sports & youth welfare, Shardar Vallabh Bhai Patel International Hockey Stadium, Raipur, Pin Code 492010.

m) Owning to the requirement in Director, Sports & Youth Welfare, a list of panels may be drawn which will be valid for a period of one Year, Director, Sports & Youth Welfare reserve the right to cancel the panel without assigning any reason.

n) The date of birth, accepted by the Director, Sports & Youth Welfare is that entered in the Matriculation/ Secondary examination will be accepted.

o) Scanned copy of No Objection Certificate from their present employer, in case working in Central/ State Government/ Autonomous Organizations on regular basis.

### GENERAL INSTRUCTIONS

(All the instructions given below must be strictly followed or else the application is liable to be rejected)

### WHO CAN APPLY:

Applications are invited only from Indian citizens who fulfil eligibility criteria of essential educational qualification and essential work experience (as for norms).

1. After initial registration is completed online, the candidate must upload the following documents in the below mentioned order. Self- attested documents in PDF format are to be uploaded.
2. The order of documents is asfollows:

a) Online applicationprintout.
b) Document for DOB:
c) Mark sheet of graduation degree.
d) Degree certificate of graduationcourse.
e) Mark sheet of postgraduatedegree.
f) Degree certificate of post-graduationcourse
g) Work experience.
h) Documents supporting sports achievement.
i) document as per norms of post.

3. The responsibility of ensuring genuineness of the certificate lies completely on the candidate by self-attestation. Director, Sports & Youth Welfare reserves the right to discard experience certificates which do not provide correct details as mentioned above. Website links could be provided to ascertain genuineness.
4. Candidates will be called for the interview on the criteria as mentioned above. Hence, fulfilment of eligibility criteria does not entail that candidate will be considered for theinterview.
5. the candidates should note that their candidature at all the stages will be purely provisional, subject to satisfying the prescribed eligibility conditions. if, on verification at any stage, before or after interview, it is found that they do not fulfil any of the eligibility conditions; their candidature will be cancelled byDirector, Sports & Youth Welfare.
6. **Age Limit:**
   Candidates should note that only the Date of Birth as recorded in the Matriculation/ Secondary Examination will be accepted. The maximum age limit will be calculated as on the last date of applications of this notification.
7. **Note:-** Selected candidates will be required toproduce the original certificates mentioned in application at the time of joining. failing to submit the required certificates in original at the time of joining will lead to cancellation ofcandidature.

**Call letters for interview:**

The call letters for interview shall be communicated electronically in the valid and functional email id provided by the candidate in the application form. Candidates should check their registered email regularly for updates regarding interview dates and other relevant details. Any variation in the details provided and documents submitted will lead to rejection of the candidate.

CRITERIA FOR SHORT LISTING OF CANDIDATES FOR THE **INTERVIEW: -Candidate will be shortlist in the ratio of 1:5 for which necessary documents to be attached along with the application.**

How to Apply:- The candidate has to apply only registered / speed post by submitting their applications (in proper format) on Director, Directorate, sports & youth welfare, Shardar Vallabh Bhai Patel International Hockey Stadium, Raipur, Pin Code 492010. Applications received through any other mode would not be accepted and summarily rejected.

### LAST DATE FOR RECEIPT OF APPLICATIONS:

The schedule for applying online is given below:-

**i. Opening date for submission of Application form - 02-07-2024 from 10.00 AM**

**ii. Closing date for Application form -16-07-2024 till 05.30 PM**

**Director,**
**Sports & Youth Welfare**
**Chhattisgarh, Raipur**

क्रमशः

Annexure "A"

**Application Format**

Recent Photograph

Post applied for: ..............................................
1. Name :............................................
2. Father's/Husband'sName: :............................................
3. Date of Birth: :............................................
4. Nationality: :............................................
5. Postal Address: :............................................
6. ContactNumber: :............................................
7. E-mailAddress: :............................................
8. Education Qualifications Matriculationon wards:

| S. No. | Certificate/Degree | Subject | Institute/ University | Year of Passing | Percentage/CPGA |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9 Work Experience:

| S. No. | Organization /Institute | Period From - To | Nature of Work | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Total Experience (in Month) :............................................
10 Sports Participation:
(A) International Level

| S. No | Event | Position |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

(B) National Level

| S. No | Event | Position |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**DECLARATION**

I hereby declare that all statements made in this application are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in the event of any information being found false or incorrect or not satisfying the prescribed eligibility criteria for the post applied for, my candidature is liable to be cancelled/rejected at any stage of selection.

Place:
Date:

(Signature of the Applicant)

**R.O. 38 /G-242500781/4**

# OFFICE OF THE DEAN
## Pt. J. N. M. Medical College, Raipur (C.G.)

**No./M.C./ Est./24/7690** **Raipur, Date: 3/7/24**

**Walk in Interview**

Applications are invited for the following posts on contract basis under the National Pregnancy and Cardiac Diseases of India Study (N-Pac India Study) in Department of Cardiology. Pt.J.N.M.Medical College Raipur.

| S.N. | Name of the Post | No. | Essential qualification and Desirable Experience | Salary |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Project Technical support-1 | 01-UR | • Bachelor's Degree Public Health Social Science/Life Sciences/Health care management or related field from a recognized institution/ university. HRA as<br>• Ability to read, write, communicate, and type in English.<br>• Ability to use Microsoft Excel, Word and Power Point.<br>• Ability to communicate, read and write in the local language.<br>**Preference may be given to:**<br>• Exper ience in data collection, data analysis, data monitoring etc. | Rs 18000+ applicable per month |

Interested candidates may submit their CV in Board Room, till Time 12 noon, Date 12-07-2024. Applicants should appear for interview (with original testimonials) in the office of undersigned on Date 12-07-2024 by Time 12 noon. The process of selection will be according ICMR guideline enclosed. For further information please visit www.ptjnmcraipur.in

Deal
PJ.N.M.Medical College
Raipur (C.G.)

**R.O. 40/G-242500837/4**

# कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**

**Phone No- 0771-2263708, Fax No-2262558, www.tribal.cg.gov.in, Email-ctd.cg@nic.in,**

क्रमांक / 133 / रा.यु.उ.यो. / 2024–25 / 3220 नवा रायपुर दिनांक 3 / 7 / 2024

**"सूचना"**

**राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन (वर्ष 2024–25)**

कार्यालयीन विज्ञप्ति क्रमांक / 133 / रा.यु.उ.यो. / 2023–24 / 12380 दिनांक 15.02.2024 के द्वारा राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (B) के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए दिनांक 30.06.2024 को समय 12:00 बजे संभागीय मुख्यालय में प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त प्राक्चयन परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करते हुए उक्त प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 14.07.2024 को समय 12:00 बजे संभागीय मुख्यालय में पूर्व निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जावेगा।

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

**आर.ओ.41 / जी—–242500849 / 7**

# महाप्रभु की रथयात्रा में दिखा श्रद्धा और भक्ति का महासंगम

छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा से पूरा प्रदेश आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना में अभिभूत नजर आया. दरअसल, छत्तीसगढ़ में रथयात्रा के आयोजन में जिस प्रकार की सामूहिकता का दर्शन होता है, वह उत्सवों के सामाजिक महत्व को भी इंगित करता है। इस बार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ू से साफ भी किया गया । इस रस्म को छेरापहरा रस्म कहा जाता है।



ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण-तीर्थ है, यहीं से वे जगन्नाथपुरी जाकर स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के मीठे बेरों को ग्रहण किया था। यहां वर्तमान में नर-नारायण का मंदिर स्थापित है। रायपुर में आयोजित रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ, भैया बलदाऊ और बहन सुभद्रा की खास अंदाज में पूजा-अर्चना की गई। जगन्नाथ मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच की यह एक अटूट साझेदारी है।

छत्तीसगढ़ राज्य मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना और ओड़िशा की सीमा से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ की पूर्वी सीमा जो ओड़िशा से जुड़ी हैं, वहां देखने को मिलती हैं। प्राचीनकाल से ही छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की मिली-जुली संस्कृति रही है। इसी कारण दोनों राज्यों के पर्व-त्योहार आदि में काफी समानताएं देखी जा सकती हैं।

पुरी की जगन्नाथ रथयात्रा एक बहुप्रचलित और बहुचर्चित परम्परा है। ओड़िशा में प्रचलित है "मोर गौरव जगन्नाथ"। समुद्र तट पर स्थित पुरी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की के कारण देश-विदेश के हजारों-लाखों दर्शनार्थी और पर्यटक बड़ी श्रद्धा के साथ सम्मिलित होते हैं। यहां की मूर्तियां, स्थापत्य कलाएं और समुद्र का मनोरम किनारा पर्यटकों का मन मोह लेता है।

भगवान जगन्नाथ जी पुरी में सदियों से विराजमान हैं। सारे देवी-देवता अपने मंदिरों में विराजमान रहते हैं लेकिन जगन्नाथ जी सबसे अलग हैं। वे अपने भक्तों से मिलने, उनके सुख-दुख में सहभागी बनने मंदिर छोड़कर बाहर आते हैं। प्रभु जगन्नाथ के स्वागत-सत्कार के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी की पावन धरती में जुट जाते हैं। यह अवसर होता है 'रथयात्रा' का पर्व। यह पर्व आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की जनकपुर यात्रा रथ में बिठाकर कराई जाती है। जगन्नाथपुरी में तीनों को अलग-अलग रथ पर बिठाकर यात्रा कराई जाती है। भगवान जगन्नाथ के रथ को "नंदीघोष", बलभद्र जी के रथ को "तालध्वज" और सुभद्रा जी के रथ को "देवलन" कहा जाता है। इन रथों को खींचने के लिए गांव-गांव से हजारों-लाखों लोग आते हैं।

## छेरापहरा की परंपरा निभाते हुए सीएम साय ने खींचा रथ

राजधानी रायपुर के गायत्री मंदिर में पुरी के जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी कर सोने की झाड़ू से बुहारी लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रभु जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक लेकर गए।



रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय

" यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है।..."



**श्री विष्णु देव साय,**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### गजामूंग का अनोखा प्रसाद

रथयात्रा के दौरान चना, मूंग और मसूर को भिगोकर प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। पुजारी श्रद्धालुओं को प्रसाद देते हैं। यह प्रसाद गजामूंग कहलाता है। छत्तीसगढ़ में भोजली, जंवारा, गंगाजल, महापरसाद आदि को साक्षी रखकर मितान बदने और जीवनभर उस रिश्ते को निभाने की परम्परा है। यहां लोग गजामूंग को साक्षी रखकर भी मितान बदते हैं।

## राजधानी रायपुर की रथयात्रा

रायपुर की रथयात्रा का भी विशेष महत्व है। यहां परम्परानुसार दूधाधारी मठ, टूरी हटरी और सदर बाजार से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है और नगर भ्रमण कराया जाता है। शुरू से ही बड़ा शहर होने के कारण यहां लाखों लोगों की भीड़ जुटती है। प्रदेश के दूरदराज के शहरों से भी लोग यहां आकर रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। राजधानी बन जाने के बाद इसका स्वरूप और अधिक बढ़ गया है। घड़ा-घंटों और शंख ध्वनियों के बीच भगवान जगन्नाथ की जय के उद्घोष के साथ सारा वातावरण आस्था से आलोकित हो जाता है। गजामूंग प्रसाद के लिए लोग उमड़ पड़ते हैं। भीड़ के कारण दूर से ही रथ तक रूमाल के माध्यम से पुजारी गजामूंग देते हैं। कई बार दूसरे लोग ही रूमाल लपक लेते हैं।


## शिवरीनारायण की रथयात्रा

शिवरीनारायण को "छत्तीसगढ़ की जगन्नाथ पुरी" भी कहा जाता है। रथयात्रा यहां का एक प्रमुख त्यौहार है। प्राचीनकाल से यहां रथयात्रा का आयोजन मठ के द्वारा किया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार महंत गौतमदास ने यहां रथयात्रा की शुरुआत की और महंत लालदास ने उसे सुव्यवस्थित किया। मठ के मुख्तियार पंडित कौशलप्रसाद तिवारी को लोग हमेशा याद करते हैं जिन्होंने यहां रामलीला, नाटक, रथयात्रा और माघी मेला को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रथयात्रा के लिए जगन्नाथ पुरी की तरह यहां भी प्रतिवर्ष लकड़ी का रथ बनाया जाता था जिसे बाद में बंद कर दिया गया। अब लोहे के रथ से रथयात्रा निकलती है। शिवरीनारायण और आसपास के हजारों-लाखों श्रद्धालु यहां रथयात्रा में शामिल होकर और रथ खींचकर पुण्यलाभ कमाते हैं।

## बस्तर की रथयात्रा यानी गोंचा तिहार

बस्तर छत्तीसगढ़ का प्रमुख आदिवासी अंचल तथा प्राचीन रियासत है। यहां आज भी राज परम्पराओं का निर्वाह किया जाता है गोंचा तिहार बस्तर का ऐसा ही पर्व है जिसमें बस्तर के जन-जन का जुड़ाव है। गोंचा शब्द 'गुण्डिचा' का अपभ्रंश है। 'गुण्डिचा' राजा इंद्रद्युम्न की पत्नी का नाम है। बस्तर रियासत के राजा पुरुषोत्तम देव सन् 1408 में सिंहासनारूढ़ हुए। उन्होंने जगन्नाथपुरी की यात्रा की। गोंचा रथ के निर्माण के लिए लकड़ी, रथ खींचने के लिए रस्सी, रथ निर्माण करने वाले बढ़ई सुतार के कार्य के लिए अलग-अलग परगना गांव निर्धारित हैं। इसीलिए गोंचा साहकार एवं कार्य विभाजन का अद्भुत नमूना है। जगदलपुर, सिरहासार भवन के सामने भगवान जगन्नाथ का मंदिर है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, सुभद्रादेवी और बलभद्र के सात खण्डों में सात जोड़ों में तथा एक भगवान जगन्नाथ जी की इस तरह कुल 2 प्रतिमाएं हैं।

# विश्व जनसंख्या दिवस




विश्व जनसंख्या दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम 11 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य न केवल बढ़ती जनसंख्या और समाज, राष्ट्र और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना है, बल्कि इसे नियंत्रित करने के लिए जनता को शिक्षित करना भी है। विश्व की जनसंख्या 7 अरब से 8 अरब तक पहुंचने में 12.5 वर्ष लगे, अनुमान है कि 8 अरब से 9 अरब तक पहुंचने में संभवतः 14.1 वर्ष लगेंगे, तथा 9 अरब से 10 अरब तक पहुंचने में 16.4 वर्ष लगेंगे। 2060 तक विश्व की जनसंख्या 10.2 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

विश्व की जनसंख्या 8 अरब तक पहुंची 15 अप्रैल 2024 को, जब संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या प्रभाग ने आश्चर्यजनक जनसंख्या डेटा जारी किया, तब दुनिया की आबादी आधिकारिक तौर पर 8 बिलियन थी। इतनी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं पहुंचाना चुनौती है।

**स्थायी भविष्य के लिए सतत जनसंख्या वृद्धि**

11 जुलाई कोविश्व जनसंख्या दिवस पर, दुनियाकी जनसंख्या 8 बिलियन की सीमा को पार कर जाने के कारण, इस वर्ष की थीम घोषित की गई है, "एक सतत भविष्य के लिए जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखना।" कई कार्यक्रम और कार्यशालाएं जनसंख्या के अनुमानों से निपटेंगी, जिससे लोगों को ऐसी वृद्धि के कठोर परिणामों के बारे में शिक्षित करने की तत्काल आवश्यकता दिखाई देगी। डिक्लोफेनाक 2010 तक 4 बिलियन अतिरिक्त निवासियों का जन्म हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन, संसाधन की कमी, आर्थिक अस्थिरता और बड़े पैमाने पर पलायन जैसे संघर्ष बढ़ सकते हैं।

**2024 के लिए लक्ष्य**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने 2024 के लिए जो मुख्य उद्देश्य सुझाए हैं, उनमें जनसंख्या प्रवृत्तियों और उनके प्रमुख प्रभावों के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाना, सरकार द्वारा स्थायी नीतियों को बढ़ावा देना, व्यापारिक निगमों को शामिल करना और विश्व समाजों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए समाधान निकालना शामिल हैं।



**811.96 करोड़**
दुनिया की आबादी

**144.16 करोड़**
भारत की आबादी

**3.06 करोड़**
छत्तीसगढ़ की आबादी

### 2024: छत्तीसगढ़ की आबादी 3 करोड़ के पार, इस तरह बढ़ी जनसंख्या

साल 2000 में मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ की स्थापना हुई थी। उस वक्त प्रदेश की जनसंख्या 2 करोड़ से थोड़ी ज्यादा थी, लेकिन 24 वर्ष का लंब समय गुजरने के बाद यहां की आबादी 3 करोड़ से अधिक हो गई है। छत्तीसगढ़ भारत का 18वाँ सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है । 2036 में छत्तीसगढ़ की जनसंख्या 3.42 करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है।

- वर्ष 2001 में कुल जनसंख्या थी **2,08,33,803**
- वर्ष 2011 में कुल जनसंख्या थी **2,55,45,198**
- वर्ष 2021 में कुल जनसंख्या थी **2,94,93,000**

### विश्व जनसंख्या दिवस के थीम इस प्रकार रहे हैं:

- **2018** : परिवार नियोजन एक मानव अधिकार है।
- **2019**: कोई आधिकारिक थीम घोषित नहीं की गई।
- **2020**: अब महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा कैसे करें।
- **2021**: कोविड-19 महामारी का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव।
- **2022**: 8 अरब का विश्वः सभी के लिए लचीले भविष्य की ओर - अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना।
- **2023**: वैश्विक जनसंख्या रुझानों और उनके प्रभावों पर ध्यान आकर्षित करना है।
- **2024**: स्थायी भविष्य के लिए सतत जनसंख्या वृद्धि।

## 30 साल में 2 अरब आबादी बढ़ेगी, खाद्य सुरक्षा और कौशल विकास से होगा समाधान

1950 में दुनिया की आबादी 260 करोड़ थी। आज लगभग 800 करोड़ लोग पृथ्वी के संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। 2050 में आबादी 980 करोड़ होने का अनुमान है। दुनिया की आबादी में जुड़ रहा हर नया व्यक्ति एक नया उपभोक्ता है। इस आबादी के लिए भोजन, पोषण की जरूरतों को पूरा करना एक चुनौती है, लेकिन कई छोटे-छोटे उपायों को अपनाया जाए तो यह संभव है। इसमें हर व्यक्ति सहभागी बन सकता है। इसके लिए उसे आदतों में थोड़ा बदलाव करना होगा। जानते हैं हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं और इनका सामना किस तरह किया जा सकता है-

**1. अब भूमि का उपयोग नहीं बदलना है**

बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार जंगलों को काटकर खेत बनाया गया। दुनिया के बर्फ मुक्त क्षेत्र में से इंसान 194 लाख वर्ग मील भूमि का उपयोग कृषि के लिए बदल चुका है। 75 लाख वर्ग मील भूमि को उसने अन्य उपयोग के लिए बदला। यह कुल भूमि का 53% हिस्सा है।

**85 करोड़ के सामने भूख का संकट**

दुनिया में 85 करोड़ लोगों के सामने आज भी भूख का संकट है। अब हम भूमि का उपयोग बदलकर उत्पादन बढ़ाने का जोखिम नहीं ले सकते। 2050 में हमें लगभग 2 अरब अधिक लोगों का पेट भरना होगा।

**2. कृषि की नई तकनीकों को अपनाना होगा**

1960 के दशक में शुरू हुई हरित क्रांति के बाद दुनिया में फसलों की बेहतर किस्में सामने आईं। हमने फर्टिलाइजर, सिंचाई और मशीनों का अधिक उपयोग किया। एशिया और लैटिन अमेरिका में पैदावार में वृद्धि हुई। लेकिन इससे पर्यावरण को नुकसान हुआ।

**उपज कम, वहां फोकस जरूरी**

दुनिया को अब उन क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा जहां कृषि उत्पादन कम है। जैसे अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और पूर्वी यूरोप। यहां बेहतर कृषि तकनीक के साथ उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उच्च तकनीक, सटीक प्रणालियों के का उपयोग करना होगा।

**3. कम पानी वाली उपज की ओर बढ़ना होगा**

आज दुनिया में 100 करोड़ से अधिक लोगों की स्वच्छ पानी तक पहुंच नहीं है और 270 करोड़ लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की कमी का अनुभव होता है। 2025 तक दुनिया की दो-तिहाई आबादी के सामने भीषण जल संकट होगा। हरित क्रांति और औद्योगीकरण ने पानी, रसायनों का उपयोग बड़ी मात्रा में बढ़ाया है।

**70% पानी सिंचाई में जा रहा है**

जैविक खेती को अपनाकर पानी और रसायनों के उपयोग को बहुत हद तक कम कर सकते हैं। किसानों को कम पानी में अधिक उपज के तरीके अपनाने होंगे।

**4. भोजन को नष्ट होने से बचाना सबसे जरूरी**

अमीर देशों में घरों, रेस्तरां और सुपरमार्केट में भोजन कचरे में जाता है, तो गरीब देशों में अनाज के भंडारण और परिवहन की सुविधाओं की कमी की वजह से अनाज नष्ट हो जाता है। ऐसे में थोड़ा-थोड़ा सर्व करना और थाली में बचा हुआ नहीं छोड़ना

**50% भोजन नष्ट हो जाता है**

विश्व में भोजन से मिलने वाली कैलोरी का 25 प्रतिशत और कुल भोजन का 50 प्रतिशत तक हिस्सा उपभोग किए जाने से पहले ही नष्ट या बर्बाद हो जाता है। विकसित देशों में उपभोक्ता की जागरूकता से विश्व समुदाय इसे रोक सकते हैं।

(स्त्रोतः यूएन, नेशनल ज्योग्राफी की रिपोर्ट)

## छत्तीसगढ़

### छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा के लिए खुलेंगे महिला पिंक थाने




छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला मुख्यालयों में महिला पिंक थाने खुलेंगे। इस संबंध में विभागीय तैयारी की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विभागीय बैठक में महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे।

### लोक अदालत 13 को, हर तरह के मामलों का होगा निराकरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूसरे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को किया जाएगा। प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि महिलाओं एवं वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करना हमारी जिम्मेदारी है। इस बार भी नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में क्लेम, परिवार के विवाद, श्रम, बैंक, चेक बाउन्स, यातायात, जलकर, बीएसएनएल, नगर निगम, विद्युत आदि सभी मामलों को चिंहित किया जा रहा है। हेल्प लाईन नंबर 15100 पर कॉल करके भी जानकारी ले सकते हैं।

### महतारी वंदन योजना की पांचवी किश्त जारी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में 653 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि अंतरित की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना की पांचवीं किश्त एक जुलाई को जारी कर दी गई है। इस योजना अंतर्गत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में 653 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि अंतरित हुई है।

### न्याय को प्राथमिकता देने वाले कानून लागू

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 1 जुलाई 2024 हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। देश भर में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। ये सभी कानून डेढ़ सौ वर्ष पहले अंग्रेजों द्वारा लागू कानूनों के स्थान पर प्रभावशील होंगे। यह परिवर्तन हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह के दृढ़ संकल्पों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपने निवास कार्यालय रायपुर में गृह विभाग द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित पुस्तिका के विमोचन के मौके पर यह बातें कही।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए अभियान

छत्तीसगढ़ में अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 5 से 20 जुलाई 2024 तक राजस्व पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। राज्य के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में पंचायत सचिव के माध्यम से गांव में ग्रामीणों के जितने राजस्व प्रकरण होंगेए उनके माध्यम से तहसीलदार कार्यालय में जमा होंगे, जिसका मॉनिटरिंग कलेक्टर स्तर पर किया जाएगा, जिससे जिले के राजस्व कार्यों के निपटारा शीघ्र होगा।

### सिंगल विंडो पोर्टल 2.0 का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले और उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसी क्रम में निवेशकों और नए उद्योग लगाने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न क्लीयरेंस और स्वीकृतियां त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया गया है। प्रशासनिक दखल कम कर प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने के लिए यह बड़ी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल उद्यमियों के लिए अत्यंत आसान और उपयोग करने में सुगम होगा। प्रदेश में संसाधनों के विपुल भंडार है और औद्योगिक विकास के भी असीम अवसर उपलब्ध हैं। उद्योग विभाग की इस नई व्यवस्था से सभी सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से निवेश में उनकी रुचि बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### कुनकुरी सदन दूर दराज के मरीजों के लिए आशा का केन्द्र



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्र से उपचार के लिए राजधानी रायपुर आने वाले मरीज और उनके स्वजनों की सुविधा के लिए कुनकुरी सेवा सदन शुरू किया गया है। इस सदन में विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और उनके परिजनों के रहने की अच्छी व्यवस्था है। यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। यहां डॉक्टर सहित मेडिकल टीम और मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने के लिए एंबुलेंस की सेवा भी निःशुल्क उपलब्ध है। रायपुर में अंबेडकर मेडिकल कालेज, मेकाहारा, एम्स सहित निजी चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से रोजाना सैकड़ों जरूरतमंद लोग रायपुर पहुंचते हैं। इन लोगों की जरूरत को महसूस करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी सेवा सदन की शुरूआत की पहल की है। अब तक हजार से अधिक लोगों को इस सदन का लाभ मिल चुका है।

### पुलिस परिवार के बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए मिली बस की सुविधा

राजधानी रायपुर के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को उनकी स्कूल बस मिल गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की नन्हीं छात्रा मारिया भतपहरी को बस की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बड़ी अच्छी पहल है। बच्चों की परेशानी दूर हुई है और अब बच्चे सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिस के जवान बड़ी मुस्तैदी के साथ 24 घंटे सातों दिन अपनी सेवाएं देते हैं।

## राष्ट्रीय

### जनरल द्विवेदी ने संभाला सेना प्रमुख का कार्यभार



जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 30वें सेना प्रमुख का पदभार संभाला लिया। जनरल द्विवेदी को चीन व पाक से लगी सीमा पर काम करने का व्यापक अनुभव है। वे 19 फरवरी को उप सेना प्रमुख बनने से पहले उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे।

### डॉ. गंगाधर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डॉ. बी.एन. गंगाधर को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इससे पहले वह मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष थे। श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के निदेशक डॉ. संजय बिहारी को मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्तियाँ चार वर्ष की अवधि के लिए होती हैं, जब तक कि वे 70 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेते।

### तंबाकू के लिए डब्ल्यूएचओ का दिशा निर्देश

डब्ल्यूएचओ ने तंबाकू छोड़ने में मदद करने के लिए अपने पहले दिशा निर्देश पेश किए। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया भर में लगभग 125 करोड़ तंबाकू उपयोगकर्ताओं हैं, जो धुम्रपान, धुआं रहित तंबाकू सहित विभिन्न तंबाकू उत्पादों का उपयोग करते हैं। इनमें से 60% उपयोगकर्ता तंबाकू छोड़ना चाहते हैं। लेकिन स्वास्थ्य प्रणाली की चुनौतियों और सीमित संसाधनों के कारण 70% तक तंबाकू छोड़ने के प्रभावी उपचार पहुंच नहीं पाते हैं। दिशा निर्देश में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, डिजिटल उपकरणों और दवाओं की मदद लेने की सलाह दी गई है।

### आदित्य एल-1 ने 178 दिन में पूरी की परिक्रमा

सूर्य के हलो आर्बिट (लैग्रेंज-1) में स्थापित देश की सौर वेधशाला आदित्य एल-1 में पहली परिक्रमा पूरी कर ली है। इसरो ने कहा कि आदित्य एल-1 ने सूर्य व पृथ्वी के बीच एल- बिंदु के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए 178 दिन में परिक्रमा पूरी की। आदित्य एल-1 को 6 जनवरी, 2024 को लैग्रेंज 1 पर स्थापित किया गया था। लैग्रेंज-1 धरती से 15 लाख किमी दूर काल्पनिक बिंदु है, जहां सूर्य व पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल समान रूप से लगते हैं। यह 2 लाख किमी गुणा 6 लाख किमी वाली अंडाकार कक्षा है।

### सीबीएसई: साल में दो बार बोर्ड परीक्षा

कक्षा 10 और 12 की साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की योजना पर सहमति बन गई है। समूचे सिलेबस की यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल में हुआ करेगी। केंद्र अगले सत्र 2025-26 से सीबीएसई में नया पैटर्न लागू करने की तैयारी में है। नए पैटर्न की पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी, 2026 और इसी सत्र की दूसरी परीक्षा अप्रैल, 2026 में होगी। छात्रों के पास दोनों परीक्षा में शामिल होने का विकल्प होगा। छात्र चाहें तो दोनों या किसी एक परीक्षा में सुविधानुसार बैठ सकेंगे। दोनों परीक्षा देने वाले छात्र बेहतर प्रदर्शन के रिजल्ट का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'कू' बंद

एक्स (X) को टक्कर देने बना भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'कू' बंद होगा। इसके सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावत का ने कहा, फंडिंग को लेकर कंपनियों और मीडिया घरानों में बातचीत के सकारात्मक परिणाम न मिलने से इसे बंद करना पड़ रहा है। इसकी शुरुआत 2021 में हुई थी।

### कोयला उत्पादन में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि

भारत का कोयला उत्पादन जून 2024 में 14 दशमलव 5 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 84 दशमलव 63 मिलियन टन हो गया। पहले इसका उत्पा-दन संगत अवधि में 73 दशमलव नौ–दो मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सीआईएल यानी कोल इंडिया लिमिटेड ने 8 दशमलव आठ–सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63 दशमलव एक–शून्यद मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया। इसके अतिरिक्त, जून 2024 में कैप्टिव या अन्य कंपनियों द्वारा कोयला उत्पादन 16 दशमलव शून्यक–तीन मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 55 दशमलव चार–नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जून 2024 में भारत का कोयला प्रेषण यानी डिस्पैकच 85 दशमलव सात–छह मिलियन टन तक पहुंच गया, जो इसी अवधि की तुलना में 10 दशमलव एक–पांच प्रतिशत की वृद्धि है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए नामांकन

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए पात्र शिक्षकों से स्व-नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन नामांकन भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की प्रक्रिया के माध्यम से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए जाएंगे। पात्र शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल www.national awards to teachers.education.gov.in पर नामांकन भेज सकते हैं।

### नीति आयोग ने शुरु किया सम्पूर्णता अभियान

नीति आयोग ने तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू कर रहा है। 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में देशभर में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में अनवरत प्रयास किए जाएंगे। देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखंडों में छह चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है। सम्पूर्णता अभियान प्रदर्शन के जिन प्रमुख संकेतकों पर ध्यान देगा, उनमें शामिल हैं- ऐसी गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें देखभाल के लिए पंजीकृत किया गया है, मधुमेह से पीड़ित लोगों का प्रतिशत, हाइपरटेंशन से पीड़ित व्यक्तियों का प्रतिशत, ऐसी गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें अतिरिक्त पोषण प्रदान किया जा रहा है, मृदा स्वापस्त्ये कार्ड जारी किए जाने का प्रतिशत और ऐसे स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत जिन्हें प्रखंड स्तर पर राशि दी गई है।

### लेखिका संजना को राष्ट्रमंडल पुरस्कार

मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका संजना ठाकुर ने दुनियाभर के 7,359 प्रतियोगियों को पीछे कर कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार 2024 अपने नाम कर लिया है। संजना को लंदन में पांच हजार पौंड राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संजना की कहानी का शीर्षक वालीवुड अभिनेत्री एश्वर्या राय के नाम पर है। साहित्य पत्रिका 'ग्रांता' ने 2024 कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार जीतने वाली सभी क्षेत्रीय कहानियों को प्रकाशित किया है।

## अंतरराष्ट्रीय

### रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को लंदन के प्रतिष्ठित प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग ने वर्ष 2024 के लिए रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा है। आरबीआई की तरफ से यह पुरस्कार कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने ग्रहण किया। आरबीआई को यह पुरस्कार जोखिम संस्कृति और जागरूकता को बढ़ाने में किए गए प्रयासों के लिए दिया गया है। आरबीआई ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी देते हुए कहा कि आरबीआई को अपनी जोखिम संस्कृति में सुधार के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधन का पुरस्कार मिला है। इससे भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता की सुरक्षा में भारतीय रिजर्व बैंक की महत्तवपूर्ण भूमिका की पुष्टि होती है।

### दो भारतीय लेखकों की किताबें एशियन प्राइज फॉर फिक्शन में चुनी गईं

दो भारतीय और एक भारतीय मूल के लेखक की किताबें एशियन प्राइज फॉर फिक्शन में शार्टलिस्ट की गई हैं। ये किताबें अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंद्राय की 'रेस्क्यूइंग ए रिवर ब्रीज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वुमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज' हैं। इनके अलावा, नाइजीरियाई लेखक अयोबामी अदेबायो की 'स्पेल ऑफ गुड थिंग्स', पाकिस्तान की सफीना दानिष इलाही की 'द आइडल स्टांस ऑफ द टिपलर पिजन' और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखक वी वी गणेषनाथन की 'ब्रदरलेस नाइट्स' को भी चुना गया है। एशियन रिव्यू के अनुसार, सात महीने तक चली एक व्यापक प्रक्रिया के बाद 10 पुस्तकों में से छह पुस्तकों को चुना गया।

### 12 वर्षीय सुबोर्नो हाई स्कूल पास करने वाले सबसे कम उम्र के छात्र

बांग्लादेशी मूल के 12 वर्षीय सुबोर्नो इसाक बारी हाई स्कूल पास करने वाले सबसे कम उम्र के छात्र बन गए हैं। सुबोर्नो को उनके माता-पिता ने छोटी उम्र से पढ़ाना शुरू कर दिया था। उन्होंने सिर्फ 2 साल की उम्र में पीरियोडिक टेबल याद कर लिया था। उनके पिता रशीदुल ब्रुकलिन टेक्निकल हाई स्कूल में फिजिक्स को पढ़ाते हैं और माता शाहेदा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। सुबोर्नो को 7 साल की उम्र में भारत के कॉलेज में पढ़ाने के लिए आमंत्रित किया गया था। तब से वह साल में तीन बार भारत पढ़ाने आते हैं। सुबोर्नो अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित लांग आइसलैंड हाई स्कूल से पास हुए है। वो पहले मैथ फिर फिजिक्स में पीएचडी करना चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री ने वॉर केबिनेट को किया भंग

इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 9 महीने और 6 दिन बाद वॉर केबिनेट को भंग कर दिया है। अक्टूबर में हमास हमले के बाद नेतन्याहू ने वॉर केबिनेट का गठन किया था। इस केबिनेट में 6 सदस्य थे। यह केबिनेट हमास से गाजा युद्ध के दौरान इज़राइल की सुरक्षा से जुड़े अहम फैसले लेने के लिए जिम्मेदार थी। विगत दिनों वॉर केबिनेट से बेनी गेंट्ज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नेतन्याहू पर दबाव बढ़ गया था। नेतन्याहू ने वॉर केबिनेट भंग करते हुए कहा कि हमने कई ऐसे फैसले लिए थे, जिनसे सेना सहमत नहीं थी इसलिए वॉर केबिनेट को अब भंग किया जा रहा है।

### उ. कोरिया ने बहु-युद्धक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

उत्तर कोरिया ने बहुयुद्धक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। उत्तर कोरिया सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि परीक्षण में 170 से 200 किलोमीटर के दायरे में एक मध्यवर्ती दूरी की ठोस ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के पहले चरण के इंजन को शामिल किया गया जो व्यक्तिगत मोबाइल वारहेड्स को अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने और उड़ान विशेषताओं को मापने के लिए अनुकूल है। केसीएनए ने बताया कि अलग किए गए हथियारों को तीन लक्ष्यों तक सही ढंग से निर्देशित किया गया था। इसके साथ ही मिसाइले से अलग किए गए डिकॉय की प्रभावशीलता की हवाई रडार के जरिए भी सत्यापित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीनतम परीक्षण का उद्देश्य उत्तर कोरिया द्वारा मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता को सुरक्षित करना है। उत्तर कोरिया ने कथित तौर पर जापान सागर की ओर कले हो एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

### सबसे तेज चलने वाला व्हीलबरो बनाया

ब्रिटेन के पेम्ब्रोकशायर में एक कार मैकेनिक डायलन फिलिप्स ने दुनिया का सबसे तेज चलने वाला व्हीलबरो बनाया है। यह व्हीलबरो मोटर से चलता है। इसकी अधिकतम गति 84 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इस व्हीलबरो को बनाने के लिए फिलिप्स का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। फिलिप्स ने बताया कि सुपरफास्ट मोटराइज्ड व्हीलबरो बनाने का विचार उन्हें पब में आया था, इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण शुरू किया।

### चांद से धूल और चट्टान के नमूने लेकर वापस लौटा चीनी यान चांग

चीन ने अंतरिक्ष यान चांग ई-6 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में कदम रखा और वहां से करीब दो किलोग्राम मिट्टी और चट्टान के नमूने पृथ्वी पर लाकर इतिहास रच दिया। इस कदम को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नई क्रांति माना जा रहा है। अब चीन ने अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि चांद से लाए गए नमूनों का परीक्षण होने जा रहा है।

### यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के साथ सुरक्षा समझौता

यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के साथ तीन सुरक्षा समझौते पर किए हस्ताक्षर यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की ने ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के सम्मेलन में तीन सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें एक समझौता 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ और अन्य इसके दो सदस्य देशों लिमुआनिया और एस्टोनिया के साथ किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह समझौता नाटो देशों को आपसी रक्षा संधि जैसी नहीं है। लेकिन यूक्रेन को इससे हथियारों की आपूर्ति और अन्य तरह से सैन्य मदद मिल सकेगी।

### रूस ने वर्ष 2033 तक रूसी कक्षीय स्टेशन निर्माण कार्यक्रम को मंजूरी

रूस ने वर्ष 2033 तक रूसी कक्षीय स्टेशन के निर्माण के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। रूस के राज्य अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा कि कार्यक्रम में अंतरिक्ष मॉड्यूल का डिजाइन और निर्माण नई पीढ़ी के मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के उड़ान परीक्षण, पृथ्वी से लॉन्च वाहनों और अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे का निर्माण तथा एक समय सारिणी शामिल है। रोस्कोस्मोस के प्रमुख यूरी बोरिसोव ने नए स्टेशन के निर्माण में शामिल 19 उद्यमों के निदेशकों के साथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## खेल / कला

### भारत ने 2024 का T-20 वर्ल्ड कप जीता



भारत ने T20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में खेले गए टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले को भारत ने 7 रनों से जीत लिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 176 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका 169 रन ही बना सकी। भारत ने 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी। यह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहला मौका है, जब किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे ट्रॉफी जीती है।

**भारत का चौथा वर्ल्ड कप**

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप दूसरी बार जीता है। पहली बार 2007 में एमएस धोनी की टीम ने भारत को इस फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनाया था। भारतीय टीम वनडे वर्ल्ड कप भी जीत चुकी है। पहली बार 1983 और दूसरी बार 2011 में. विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों दूसरी बार वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य हैं। 2007 की टी20 वर्ल्ड चैंपियन टीम में रोहित शर्मा थे, लेकिन कोहली नहीं थे। साल 2011 की चैंपियन टीम में कोहली साथ थे, पर रोहित नहीं थे।

**दुनिया के टॉप ऑलराउंडर बने हार्दिक**

आईसीसी की रैंकिंग में हार्दिक पंड्या टी20 ऑलराउंडरों की सूची में नंबर-1 स्थान पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। भारत को टी20 वर्ल्ड चैम्पियन बनाने में हरफनमौला योगदान के बाद हार्दिक दो पायदान ऊपर चढ़कर श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### भारतीय फुटबॉल टीम के नए कप्तान बने

भारतीय फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू अब गोलकीपिंग के साथ भारतीय फुटबॉल टीम की कमान भी संभालेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री के संन्यास के बाद गुरप्रीत को भारतीय टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गुरप्रीत ने कतर के खिलाफ खेले गए फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारतीय टीम की कमान संभाली। 32 वर्षीय गुरप्रीत टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, उन्होंने भारत के लिए 72 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। गुरप्रीत पहले भी सुनील छेत्री की अनुपस्थिति में भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं।

### जिम्बाब्वे टीम के मुख्य कोच बने जस्टिन सैमंस

जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जस्टिन सैमंस को जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। सैमंस डेव हॉटन की जगह लेंगे, हॉटन ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में जिम्बाब्वे के क्वालिफाइ नहीं करने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल भारत के खिलाफ आयोजित होने वाली पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज से शुरू होगा। सैमंस इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। बोर्ड ने पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है।

### सिनर एटीपी रैंकिंग में नंबर वन खिलाड़ी

इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने टेनिस में नया मुकाम हासिल किया है। सिनर विश्व के महान टेनिस खिलाड़ियों में शुमार नोवाक जोकोविच को पछाड़कर विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। यह कारनामा करने वाले सिनर पहले इटैलियन खिलाड़ी बन गए हैं। एटीपी द्वारा जारी नवीन रैंकिंग में सिनर ने 1973 रेटिंग अंकों के साथ रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया। सिनर इससे पूर्व दूसरे स्थान पर थे, लेकिन फ्रेंच ओपन में जोकोविच चोट के कारण बीच टूर्नामेंट से हट गए। इससे सिनर को फायदा हुआ और वे पहले पायदान पर आ गए।

### ब्राजील की मार्टा छठी बार खेलेंगी ओलिंपिक

ब्राजील की 38 साल की फॉरवर्ड मार्टी को पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाली टीम में चुना गया है। यह मार्टा का छठा ओलिंपिक होगा। उन्होंने अप्रैल में घोषणा की थी कि वे इस साल इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ब्राजील की ऑलटाइम टॉप गोलस्कोरर हैं। उन्होंने 183 मैचों में 118 गोल किए। वे एथेंस 2004 व बीजिंग 2008 में सिल्वर जीतने वाली ब्राजील टीम में शामिल थीं। तब टीम फाइनल में अमेरिका से हार गई थी।

### सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित साइकल रेस शुरू

दुनिया की सबसे पुरानी व प्रतिष्ठित साइकल रेस 'टूर डि फ्रांस' शुरू हो चुकी है। रेस का पहला सीजन 1903 में हुआ था। इस बार रेस का 111वां सीजन है। यह रेस फ्लोरेंस से शुरू होकर नीस में खत्म होगी। पहली बार रेस की शुरुआत इटली से हुई है। वहीं, इतिहास में पहली बार रेस पेरिस में खत्म नहीं होगी। ओलिंपिक की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए फिनिश लाइन फ्रांस के एक अन्य शहर नीस में है। रेस 21 जुलाई तक है जबकि ओलिंपिक 26 जुलाई से है।


### कुश्ती चैंपियनशिप में भारत पहले स्थान पर

भारत 23 वर्ष से कम उम्र के पहलवानों की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहले स्थान पर रहा। जॉर्डन के अम्मान में भारत के युवा पहलवानों ने फ्री स्टाकइल कुश्ती.में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते। अभिमन्यु ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में, जोंटी कुमार ने 92 किलोग्राम भारवर्ग में, साहिल जगलान ने 97 किलोग्राम भारवर्ग और अनिरुद्ध कुमार ने 125 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीते। रोहित ने 65 किलो और जयदीप ने 74 किलो वर्ग में रजत पदक जीते। शुभम ने 57 किलो और अमित ने 79 किलो वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए।

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेटों से हराया

महिला क्रिकेट में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को चेन्नई में एकमात्र टेस्ट मैच में 10 विकेटों से हरा दिया है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त दी। भारत ने शेफाली वर्मा के 205 और स्मृऔति मंधाना के 149 रनों की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी 6 विकेटों पर 603 रन बनाकर घोषित की। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 266 रनों पर ही सिमट गई और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका 373 रनों पर ऑल आउट हो गई और भारत को 37 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। इस मैच में कई धमाकेदार रिकॉर्ड बने।


दाई-दीदी बर
अब हर महीना
खुशहाली लावत हे
महतारी वंदन
योजना
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
₹ 12,000
सालाना
1 जुलाई
2024
पांचवी किस्त
की राशि जारी
मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए
QR SCAN करें
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क




मयंक श्रीवास्तव - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. मिशन मिडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन रजबंधा मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक-जवाहर लाल दरियो